# <u>सबसे जरूरी नियम एवं शर्तें</u>

सबसे जरूरी नियम और शर्तें (MITC) को अच्छी तरह से समझनेके लिए इसे फेडरल बैंक लिमिटेड के कार्ड सदस्य समझौते के साथ पढ़ना होगा। MITC में बदलाव किए जा सकते हैं। विवरण के लिए www.federalbank.co.in देखें

| | **क्रेडिट कार्ड का प्रकार** | | | |
|---|---|---|---|---|
| चार्ज शेड्यूल | सिग्नेट | इंपीरियो | सेलेस्टा | वेव (फ्लोटर कार्ड) |
| ब्याज रहित अवधि | 48 दिनों तक | 48 दिनों तक | 48 दिनों तक | 48 दिनों तक |
| न्यूनतम पुनर्भुगतान राशि | 5% या न्यूनतम 100/- | 5% या न्यूनतम 100/- | 5% या न्यूनतम 100/- | 5% या न्यूनतम 100/- |
| अग्रिम नकद की सीमा | 10% | 20% | 25% | NIL |
| सदस्य बनाने का फीस* | रु. 750/- | रु. 1500/- | रु. 3000/- | NIL |
| वार्षिक सदस्यता फीस* | रु. 750/- | रु. 1500/- | रु. 3000/- | NIL |
| सदस्यता फीस की छूट के लिए व्यय शर्त<br><br>03 अप्रैल, 2023 से जोड़े किए गए ग्राहकों के लिए उपर्युक्त शर्त लागू नहीं है, क्योंकि कोई सदस्य बनाने का चार्ज उनसे नहीं लिया गया है। | पहले 3 महीनों के भीतर 10,000/- रु. से अधिक खर्च करें और सदस्य बनने का 750/- रु. माफ करवाएं। | पहले 3 महीनों के भीतर 20,000/- रु. से अधिक खर्च करें और पहले वर्ष के लिए सदस्य बनने का 1500/- रु. माफ करवाएं। | पहले 3 महीनों के भीतर 30,000/- रु. से अधिक खर्च करें और पहले वर्ष के लिए सदस्य बनने का 3000/- रु. माफ करवाएं। | NIL |
| सालाना सदस्यता फीस की छूट के लिए व्यय शर्त. (नकद निकासी लेनदेन को इसमें शामिल नहीं किया गया है)।<br><br>03 अप्रैल, 2023 से जोड़े किए गए ग्राहकों के लिए उपर्युक्त शर्त लागू नहीं है, क्योंकि कोई AMC चार्ज उनसे नहीं लिया गया है। | मौजूदा साल में 75,000 रु. खर्च करें और अगले साल की वार्षिक सदस्यता फीस पर छूट प्राप्त करें। | मौजूदा साल में 1,50,000 रु. खर्च करें और अगले साल की वार्षिक सदस्यता फीस पर छूट प्राप्त करें। | मौजूदा साल में 3,00,000 रु. खर्च करें और अगले साल की वार्षिक सदस्यता फीस पर छूट प्राप्त करें। | NIL |

<table>
<tr><td>कार्ड पर अतिरिक्त फीस</td><td>अधिकतम 4 कार्ड (प्रति कार्ड 100/- रु.)</td><td>अधिकतम 4 कार्ड (प्रति कार्ड 100/- रु.)</td><td>अधिकतम 4 कार्ड (प्रति कार्ड 100/- रु.)</td><td>NIL</td></tr>
<tr><td>रिवॉल्विंग क्रेडिट पर ब्याज (APR - वार्षिक प्रतिशत दर)</td><td colspan="4">
<table>
<tr><td>अंतिम तिमाही के लिए औसत मासिक बैलेंस</td><td>वार्षिक प्रतिशत दर (APR %)</td></tr>
<tr><td>50,000 रु. से कम</td><td>41.88% (3.49% प्रति माह)</td></tr>
<tr><td>रु. 50,000 - 3,00,000</td><td>32.28% (2.69% प्रति माह)</td></tr>
<tr><td>रु. 3,00,001- 10,00,000</td><td>20.00% (1.69% प्रति माह)</td></tr>
<tr><td>10,00,000 रु. से अधिक</td><td>8.28% (0.69% प्रति माह)</td></tr>
</table>
AMB- फेडरल बैंक में रखे ऑपरेटिव खाते में औसत मासिक बैलेंस राशि अर्थात किसी दिए गए महीने में क्लोजिंग दिन के पूरे बैलेंस का औसत। AMB की गणना करने के लिए, आपको हरेक दिन खत्म होने पर बैलेंस राशि को जोड़ना होगा और उस महीने में दिनों की संख्या से उसे विभाजित करना होगा। किसी तिमाही के लिए AMB उस तिमाही के 3 महीनों में रखे गए AMB का औसत होगा। APR प्रत्येक कैलेंडर तिमाही की शुरुआत की 10 तारीख को अपडेट करेगा।<br>
तिमाही को निम्नानुसार परिभाषित किया गया: जनवरी, फरवरी और मार्च को तिमाही 1 के रूप में; अप्रैल, मई और जून तिमाही 2 के रूप में; जुलाई, अगस्त और सितंबर तिमाही 3 के रूप में तथा अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर को तिमाही 4 के रूप में। तिमाही 2 के APR को तिमाही 1 के औसत मासिक बैलेंस के आधार पर विचार किया जाएगा। मिसाल के तौर पर 1 अप्रैल से 30 जून की तिमाही के APR (वार्षिक प्रतिशत दर) को 10 जुलाई को अपडेट किया जाएगा।<br>
दृष्टांत:<br>
1 जनवरी को ऑपरेटिव खाता में बैलेंस 50,000 रु. होना।<br>
12 जनवरी को 4,000 रु. की निकासी होना। EOD बैलेंस 46,000 रु. होना।<br>
18 जनवरी को 20,000 रु. डिपॉजिट होना। EOD बैलेंस 66,000 रु. है।<br>
EOD बैलेंस का सारांश: 11 दिनों का - 1 जनवरी से 12 जनवरी तक EOD बैलेंस राशि का योग रु. (50000*11) = 5,50,000 रु. होगा<br>
12 जनवरी से 18 जनवरी तक EOD बैलेंस राशि का योग रु. (46,000*6) = 2,76,000 रुपये होगा<br>
18 जनवरी से 31 जनवरी तक EOD बैलेंस राशि का योग रु. (66,000*13) = 8,58,000 रु. होगा।<br>
सभी EOD क्लोजिंग बैलेंस राशि = 16,84,000 रु.<br>
जनवरी में कुल दिनों की संख्या = 31<br>
इसलिए, औसत मासिक बैलेंस राशि 1684000/31 होगी यानी 54,322.58 रु.
</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td></td><td colspan="4">इसी तरह फरवरी और मार्च के लिए औसत मासिक बैलेंस क्रमशः 70,000 रु. और 95,000 रु. है, तो तिमाही के लिए AMB (54,322.58 + 70,000 + 95,000)/3 होगा यानी 2,19,322.58/3 = 73,107.52 रु. जो 50,000-300,000 रु. के बीच है। इसलिए, APR अगली तिमाही के लिए ग्राहक को 30.00% यानी 2.49% प्रति माह का ऑफर देगा।<br>जिन ग्राहकों का फेडरल बैंक में ऑपरेटिव खाता नहीं है, उनसे 41.88 प्रतिशत यानी 3.49 प्रतिशत प्रति माह का APR चार्ज लिया जाएगा।</td></tr>
<tr><td>अग्रिम नकद के लिए चार्ज</td><td>निकाली गई राशि का 2.5% या 500 रु., जो भी अधिक हो</td><td>निकाली गई राशि का 2.5% या 500 रु., जो भी अधिक हो</td><td>निकाली गई राशि का 2.5% या 500 रु., जो भी अधिक हो</td><td>NIL</td></tr>
<tr><td>देर से किए गए भुगतान का चार्ज</td><td colspan="4">
<table>
<tr><th>नियत दिनांक के बाद बकाया बैलेंस</th><th>देर से किए गए भुगतान के लिए चार्ज (रु.)</th></tr>
<tr><td>100 रु. से कम</td><td>0</td></tr>
<tr><td>रु. 100 - रु. 500</td><td>100</td></tr>
<tr><td>रु. 501 से 5,000 रु.</td><td>500</td></tr>
<tr><td>रु. 5,001 से 10,000 रु.</td><td>600.</td></tr>
<tr><td>रु. 10,001 से 25,000 रु.</td><td>750</td></tr>
<tr><td>रु. 25,001 से 50,000 रु.</td><td>950</td></tr>
<tr><td>50,000/- रु. से अधिक</td><td>1000</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>चेक रिटर्न या डिसऑनर या ऑटो-डेबिट रिवर्स</td><td colspan="4">भुगतान राशि का 2% न्यूनतम 450/- रु.</td></tr>
<tr><td>नकद भुगतान के लिए फीस</td><td>रु. 100/-</td><td>रु. 100/-</td><td>रु. 100/-</td><td>रु. 100/-</td></tr>
<tr><td>रिवॉर्ड रिडेम्प्शन फीस</td><td colspan="4">रु. 99/- प्रति रिडेम्प्शन फीस</td></tr>
<tr><td>किराये का भुगतान</td><td colspan="4">1 अप्रैल, 2023 से किराये के लेनदेन पर लागू करों के साथ-साथ कुल लेनदेन राशि पर 1% फीस वसूला जाएगा।</td></tr>
<tr><td>लोन प्रोसेसिंग<br><br>प्री-क्लोजर<br><br>चार्ज</td><td colspan="4">क्रेडिट कार्ड EMI सुविधा का तरीका:<br>मर्चेंट आउटलेट (POS मशीन) के माध्यम से लेनदेन के समय, ऑनलाइन लेनदेन और FedMobile/FedNet और संपर्क केंद्र के माध्यम से पोस्ट लेनदेन:<br>लेनदेन की राशि पर 1% या 99 रु., जो भी अधिक हो, के अलावा GST का लागू दर लगाया जाएगा।</td></tr>
</table>

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | यदि EMI अवधि पूरी हो जाने से पहले क्रेडिट कार्ड EMI को बंद कर दिया जाता है, तो शेष मूल राशि के 3% + GST के अलावा लागू दरों पर GST का एक फोरक्लोजर चार्ज लिया जाएगा।<br>हालांकि, किसी भी कार्ड के लिए POS के माध्यम से EMI सुविधा वर्चुअल फॉर्मेट में लागू नहीं है। | | | |
| फ्यूल लेनदेन सरचार्ज | इंपीरियो और सेलेस्टा श्रेणी में सभी पेट्रोल पंपों पर हर माह 150/- रु. तक के खर्च पर 400/- रु. से लेकर 5000/- रु. तक के खर्च पर 1 प्रतिशत सरचार्ज की छूट। सिग्नेट और वेव क्रेडिट कार्ड के लिए फ्यूल सरचार्ज की छूट लागू नहीं है।<br>फ्यूल सरचार्ज वांछनीय छूट सेटलमेंट राशि के 1% तक सीमित होगी। सरचार्ज की दर फ्यूल स्टेशन और उनके अधिग्रहण करने वाले बैंक के आधार पर भिन्न हो सकती है। सरचार्ज अधिग्रहणकर्ता बैंक की ओर व्यापारी को टर्मिनल प्रदान करने के लिए लगाया जाता है। चार्ज स्लिप पर मूल्य क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट से भिन्न होगा क्योंकि बैंक द्वारा सरचार्ज और GST लेनदेन हो जाने के बाद लिया जाता है। लेनदेन की पात्रता के लिए 1% सरचार्ज छूट (GST सहित) मासिक क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में अलग से दिखाई देगी। | | | |
| खो जाने पर, चोरी हुआ या क्षतिग्रस्त कार्ड दोबारा जारी किया जाने पर | रु. 200/- | | | |
| आउटस्टेशन चेक प्रोसेसिंग चार्ज | चेक मूल्य 5,000 रु. तक का - फीस 25/- रु. होगा<br>चेक मूल्य 5,000 रु. से अधिक का - फीस 50/- रु. होगा | | | |
| विदेशी करेंसी लेनदेन | **3.5%** | **3.5%** | **2%** | **3.5%** |
| डायनामिक रूपांतरण फीस | **3.5%** | **3.5%** | **2%** | **3.5%** |
| | नियम एवं शर्तें<br><br>(1) DCC केवल तभी लागू होगा अगर अंतरराष्ट्रीय लेनदेन तब होता है जब व्यापारी का आउटलेट स्थान, ATM या ब्रांच वाला देश भारत के बाहर होता है, लेनदेन के समय कार्डधारक का स्थान कुछ भी हो इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता।<br><br>(2) व्यापारी/ATM/ब्रांच की ओर से लेनदेन को प्रोसेस करने से पहले कार्डधारक के पास DCC को स्वीकार करने या अस्वीकार करने का विकल्प होगा और कार्डधारक को DCC विकल्प पर सक्रिय विकल्प चुनना होगा।<br><br>(3) कार्डधारक के खुलासा की गई जानकारी की स्वीकृति की पुष्टि करने के बाद DCC लेनदेन के लिए सहमति प्रदान करेगा, जिसमें (i) करेंसी कोड के साथ व्यापारी की स्थानीय करेंसी में दिखाई गई वस्तुओं या सेवाओं (करों सहित) की मात्रा (ii) विनिमय दर/मार्क-अप (iii) DCC करेंसी में कुल लेनदेन राशि (iv) कार्डधारक को ऑफर किए गए DCC लेनदेन राशि का करेंसी चिह्न कोड इसमें शामिल है, पर इतने तक ही सीमित नहीं है। | | | |

| | |
|---|---|
| | (4) DCC लेनदेन के पूरा होने पर, कार्डधारक को व्यापारी/ATM/ब्रांच जो भी हो, के द्वारा लेनदेन की रसीद जारी की जाएगी, जिसमें लेनदेन की करेंसी, लेनदेन की राशि, लेनदेन के चार्ज आदि का विवरण होगा। |
| 1 करोड़ रु. से अधिक<br><br>निकासी पर TDS | 1 जुलाई, 2020 से, एक वित्तीय वर्ष में खातों और कार्डों से 1 करोड़ रु. से अधिक की कुल नकद निकासी पर 2% TDS लागू है। ऐसे लोग जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में अपना आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है, जब उनकी कुल नकद निकासी 20 लाख रु. से अधिक हो तो उनके लिए TDS की दर 2% होगी और य1 करोड़ रुपये से अधिक की कुल निकासी के लिए ह दर 5% होगी। वेव क्रेडिट कार्ड के लिए TDS लागू नहीं है |
| वस्तु एवं सेवा कर (GST) | समय-समय पर सभी फीस, ब्याज और अन्य चार्ज पर भारत सरकार द्वारा अधिसूचित दरों पर वस्तु एवं सेवा कर (GST) लागू होगा।<br><br>लागू GST आपूर्तिकर्ता (क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता यानी फेडरल बैंक) के स्थान और आपूर्ति स्थान पर निर्भर होगा। यदि आपूर्ति का स्थान (ग्राहक का संपर्क पता) केरल में है, तो यह CGST और SGST (इंट्रा स्टेट), अन्यथा IGST (इंटरस्टेट) होगा। सिस्टम में ग्राहक के पंजीकृत डाक पते की अनुपलब्धता के मामले में, इंट्रा स्टेट GST दरें वसूल की जाएंगी।<br><br>कार्ड धारक क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता को समुचित GST अनुपालन में सक्षम बनाने के लिए सही और समय पर जानकारी प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होगा, जो बदले में कार्ड धारक को क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता द्वारा की गई आपूर्ति (क्रेडिट कार्ड सेवा) का इनपुट कर क्रेडिट लेने में सक्षम करेगा। क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता कार्डधारक द्वारा गलत जानकारी प्रदान करने या कार्डधारक द्वारा किए गए किसी कार्य या डिफ़ॉल्ट के कारण कार्डधारक को इनपुट कर क्रेडिट के किसी भी तरह से खो जाने या इनपुट कर क्रेडिट के उपयोग में देरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।<br><br>फीस और चार्ज/ब्याज या किसी अन्य रियायत/छूट को लेकर किसी भी तरह का विवाद होने पर संग्रहीत GST वापस नहीं किया जाएगा। |

***03 अप्रैल, 2023 से ऑनबोर्ड ग्राहकों के लिए लागू नहीं**

RBI के आदेश के अनुरूप, अपने क्रेडिट कार्ड पर किए गए लेनदेन की प्रकृति और उद्देश्य के आधार पर, ग्राहकों को FCRA खातों के माध्यम से क्रेडिट कार्ड में कोई भुगतान नहीं करने की सलाह दी जाती है। यदि इन खातों के माध्यम से कोई भुगतान हुआ पाया जाता है, तो ग्राहक को हो सकता है गृह मंत्रालय से इस तरह के भुगतानों के लिए स्पष्टीकरण मांगने वाला एक नोटिस प्राप्त हो।

## 1. फीस और चार्ज

A. कार्ड सदस्य द्वारा क्रेडिट कार्ड पर देय फीस: हरेक कार्ड सदस्य के लिए फीस अलग हो सकता है, जो कार्ड के प्रकार, ऑफर (बशर्ते कोई हो) आदि के आधार पर अलग हो सकता है। क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई करते समय कार्डधारक को इस बारे में सूचित कर दिया जाता है। उपरोक्त फीस, जो भी लागू हो, उसकी बिलिंग कार्ड खाते में की जाती है और उस महीने के कार्ड विवरण में दर्शाए जाते हैं जिसमें यह फीस चार्ज किया जाता है।

B. अग्रिम नकद फीस (वेव क्रेडिट कार्ड के लिए लागू नहीं): कार्डधारक भारत या विदेश में आपात स्थिति में ATM से नकदी का उपयोग करने के लिए कार्ड का उपयोग कर सकता है। निकासी राशि पर 2.5% के लेनदेन फीस लिया जाएगा, जो कि न्यूनतम 500/- रु. की फीस होगी और जिसका बिल कार्ड सदस्य को अगले स्टेटमेंट में भेज जाएगा। लेनदेन फीस में परिवर्तन फेडरल बैंक के विवेक के अधीन है। निकासी की तारीख से लेकर फेडरल बैंक के विवेक पर परिवर्तन के अधीन होने तक सभी नकद अग्रिमों पर रिवॉल्विंग क्रेडिट पर चार्ज के बराबर वित्त चार्ज भी लगाया जाता है (कृपया चार्ज का शेड्यूल देखें)। बैंक की नीति के अनुसार, फेडरल क्रेडिट कार्ड के लिए नकद निकासी की सुविधा इस समय केवल चुनिंदा ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।

C. चार्ज:

i. समय-समय पर लागू होने वाले चार्ज और फीस, कार्ड सदस्य द्वारा अपने कार्ड खाते से संबंधित डिफ़ॉल्ट या फेडरल बैंक की ओर से कार्ड सदस्य पर लगाए गए विशिष्ट चार्ज का भुगतान कार्ड सदस्यों को करना होता है।

ii. फेडरल बैंक ग्राहक को समुचित सूचना देकर समय-समय पर कोई भी चार्ज लेने या फीस में बदलाव करने या कोई नया चार्ज लेने या फीस लागू करने, जो भी उसे उचित लगे, का अधिकार रखता है। क्रेडिट कार्ड पर लोन के लिए ब्याज दरों, प्री-क्लोजर और रद्द करने के चार्ज के लिए, कृपया देखें: https://www.federalbank.co.in/

iii. डिफ़ॉल्ट के मामले में, हो सकता है ब्याज के लिए चार्ज अधिकतम 3.49% प्रति माह (41.88% प्रति वर्ष) तक बढ़ जाए।

D. ब्याज रहित अवधि: ब्याज रहित क्रेडिट, क्रेडिट कार्ड पर लागू योजना और व्यापारी की ओर से दावा प्रस्तुत करने की अवधि 48 दिनों तक हो सकती है।

15 जनवरी 2021 से 14 फरवरी 2021 की अवधि के स्टेटमेंट के लिए भुगतान का नियत दिनांक 2 मार्च 2021 होगा।

यह मानते हुए कि आपने भुगतान के नियत दिनांक तक पिछले महीने के स्टेटमेंट की अपनी कुल देय राशि का भुगतान कर दिया है, तो छूट अवधि इस प्रकार होगीः

1. 16 जनवरी, 2021 को की गई खरीदारी के लिए, ब्याज रहित छूट अवधि 16 जनवरी, 2021 से 2 मार्च, 2021 तक है, यानी 46 दिन का है।

2. 14 फरवरी, 2021 को की गई खरीदारी के लिए ब्याज रहित छूट अवधि 14 फरवरी, 2021 से 2 मार्च, 2021 तक है, यानी 17 दिन का है।

   इस प्रकार, खरीदारी के दिनांक के आधार पर छूट अवधि अलग हो सकती है। यह अवधि केवल तभी ब्याज रहित होगी जब सभी पिछले बकाए पूरी तरह से चुका दिए गए हो और पिछले महीनों का कोई बकाया बैलेंस बच नहीं रह गया हो। हालांकि, यदि कुल देय राशि का भुगतान देय दिनांक तक नहीं किया जाता है, तो कोई भी अवधि ब्याज रहित नहीं होगी। नकद अग्रिमों के लिए, लेनदेन वाले दिनांक से भुगतान वाले दिनांक तक ब्याज चार्ज किया जाता है।

E. देर से किए गए भुगतान के लिए चार्ज (LPC):

यदि भुगतान करने वाले नियत दिनांक तक न्यूनतम देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो देर से होने वाले भुगतान पर चार्ज लागू होगा।

नीचे दिए गए उदाहरण-1 में कम से कम न्यूनतम देय राशि यानी 500 का भुगतान, भुगतान के लिए नियत दिनांक (मान लें 2 फरवरी) तक किया जाना जरूरी होता है, ताकि देर से किए गए किसी भुगतान पर चार्ज नहीं लगाए जाने को सुनिश्चित किया जा सके। यदि न्यूनतम देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो निम्न तालिका के अनुसार देर से किए गए भुगतान पर चार्ज वसूला जाएगा:

| नियत दिनांक के बाद बकाया बैलेंस | देर से किए गए भुगतान के लिए चार्ज (रु.) |
|---|---|
| 100 रु. से कम | 0 |
| रु. 100 - रु. 500 | 100 |
| रु. 501 से 5,000 रु. | 500 |
| रु. 5,001 से 10,000 रु. | 600 |
| रु. 10,001 से 25,000 रु. | 750 |
| रु. 25,001 से 50,000 रु. | 950 |
| 50,000/- रु. से अधिक | 1000 |

इस प्रकार, नीचे दिए गए उदाहरण 1 में, चूंकि 2 फरवरी, 2021 की देय दिनांक तक न्यूनतम देय राशि 500/- रु. रु. का भुगतान नहीं किया गया है और चूंकि कुल देय राशि 10,000/- रु. थी, इसलिए देर से भुगतान के लिए 05 फरवरी, 2021 को 600/- रु. का चार्ज लगाया जाएगा। यह चार्ज तब भी लागू होगा जब आप भुगतान के नियत दिनांक तक न्यूनतम देय राशि से कम का भुगतान किया जाता है।

वॉलेट लोडिंग चार्ज: 1 मई, 2024 से लागू होने के साथ लागू करों के साथ-साथ वॉलेट लोड लेनदेन पर लेनदेन राशि पर 1% का फीस वसूला जाएगा।

F. वित्त/ब्याज पर चार्ज

i. यदि कार्ड सदस्य अपना बैलेंस राशि का पूरा भुगतान नहीं करने को चुनता है, और कार्ड सदस्य द्वारा लिए गए सभी नकद अग्रिमों पर, जब तक कि उनका भुगतान नहीं कर दिया जाता है; ब्याज चार्ज का भुगतान, लेन-देन की तारीख से लेकर तमाम लेनदेन पर मासिक प्रतिशत दर पर किया जाता है। यदि ब्याज देय है तो कार्ड सदस्य के खाते में तब तक ब्याज चार्ज लगाया जाता है जब तक कि कार्ड पर बकाया राशि का पूरा भुगतान नहीं हो जाता।

ii. जब ग्राहक किसी बकाया राशि या उपयोग किए गए नकद अग्रिम को प्राप्त करता है, तो औसत दैनिक बैलेंस विधि द्वारा कैलकुलेट किया गया वित्त चार्ज फॉरवर्ड किए गए बैलेंस राशि और नए बिलों पर लागू होगा।

iii. यदि कार्डधारक फेडरल बैंक क्रेडिट कार्ड की रिवॉल्विंग क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाता है और इसलिए मासिक बिलिंग स्टेटमेंट में दिखाई जाने वाली कुल देय राशि से कम राशि का भुगतान करना चुनता है, तो पूरी बकाया राशि पर ब्याज चार्ज लगेगा और सभी नए लेनदेन भी ब्याज चार्ज तब तक लगाया जाएगा जब तक कि पिछली बकाया राशि पूरी तरह से भुगतान नहीं कर दिया जाता है। रिवॉल्विंग क्रेडिट एक प्रकार का क्रेडिट है जिसमें किस्त क्रेडिट के विपरीत, भुगतानों की कोई फिक्स संख्या नहीं होती है।

iv. निम्नलिखित दृष्टांत ब्याज चार्ज गणना विधि को दर्शाएगा: नीचे दी गई तालिका में, यह माना गया है कि पिछले महीने के स्टेटमेंट की कुल देय राशि का भुगतान नियत दिनांक तक कर दिया गया है और कोई राशि बकाया नहीं है। स्टेटमेंट दिनांक हर महीने 15 को है। इन मान्यताओं को देखते हुए, ब्याज का कैलकुलेशन निम्नानुसार किया जाएगा:

उदाहरण-1

| विवरण | राशि (रु.) |
|---|---|
| 14 जनवरी 2021 को की गई खरीदारी | 10,000 |
| 15 जनवरी, 2021 के स्टेटमेंट पर कुल देय राशि | 10,000 |
| 15 जनवरी, 2021 के स्टेटमेंट में न्यूनतम देय राशि (5%) | 500 |
| भुगतान देय दिनांक - 2 फरवरी, 2021 | |
| 10 जनवरी 2021 को की गई खरीदारी | 4,000 |
| भुगतान 13 फरवरी, 2021 को प्राप्त हुआ | 7,500 |
| ब्याज कैलकुलेशन @ 3.49 (15 फरवरी के स्टेटमेंट में चार्ज किया गया कुल ब्याज) | |
| a) 10,000 रु. पर 30 दिनों (14 जनवरी से 12 फरवरी तक) के लिए ब्याज | 349 |
| b) 2500 रु. पर 3 दिनों (13 फरवरी से 15 फरवरी) के लिए ब्याज | 8.72 |

| | |
|---|---|
| c) 4000 रु. पर 6 दिनों (10 फरवरी से 15 फरवरी) के लिए ब्याज | 27.92 |
| d) देर से किए गए भुगतान की फीस 05 फरवरी 2021 को डेबिट किया गया | 600 |
| e) ब्याज चार्ज और देर से किए गए भुगतान फीस पर GST लागू होगा | 177.4 |
| f) 15 फरवरी (a+b+c+d+e) को देय कुल चार्ज | 1163.0 |
| 3 मार्च, 2021 की देय दिनांक पर देय कुल राशि (मूल राशि रु. 6500+ कुल देय चार्ज (f)) | 7,663.05 |

2. लिमिट (नकद निकासी सीमा वेव क्रेडिट कार्ड पर लागू नहीं होती हैं)

क्रेडिट लिमिट और नकद निकासी की लिमिट के बारे में कार्ड के स्टेटमेंट के समय सूचित कर दिया जाता है और मासिक स्टेटमेंट में भी दर्शाया जाता है। उपलब्ध क्रेडिट लिमिट का कैलकुलेशन कुल क्रेडिट लिमिट से उपयोग के लिमिट को घटाकर की जाती है। यदि कार्डधारक ने कार्ड पर क्रेडिट लिमिट के भीतर किसी लोन का लाभ उठाया है, तो उपलब्ध क्रेडिट लिमिट तक पहुंचने के लिए बकाया लोन राशि को कुल क्रेडिट लिमिट से भी घटाया जाएगा।

कार्ड सदस्य बैंक की ओर से तय की गई अवधि पर, फेडरल बैंक द्वारा प्रदान की गई क्रेडिट लिमिट और/या नकद लिमिट में कटौती की समीक्षा के लिए अप्लाई करने का हकदार होगा। इस समीक्षा के बाद क्रेडिट लिमिट और/या नकद लिमिट में बदलाव, यदि कोई हो, तो यह पूरी तरह से फेडरल बैंक के विवेक पर निर्भर होगा। किसी भी समय फेडरल बैंक अपने विवेकाधिकार में कार्ड पर निर्दिष्ट क्रेडिट लिमिट और/या नकद लिमिट की समीक्षा (उसमें वृद्धि या कटौती सहित) करने का हकदार होगा और केवल क्रेडिट लिमिट और/या नकद लिमिट में वृद्धि, यदि कोई हो, तो यह काम फेडरल बैंक द्वारा कार्डधारक की सहमति के साथ ही किया जाएगा।

A. क्रेडिट लिमिट : यह कार्डधारक को दी जाने वाली लिमिट है। कुल बकाया, जिसमें सभी लेनदेन, फीस और चार्ज शामिल हैं, इस लिमिट से अधिक नहीं होना चाहिए

B. नकद लिमिट: यह कार्डधारक को दी गई अग्रिम नकद लिमिट है। यह लिमिट क्रेडिट लिमिट से कम है और कुल क्रेडिट लिमिट का एक उपसमूह है।

   ATM से निकाले नकद पर लेनदेन फीस (वेव क्रेडिट कार्ड में यह लागू नहीं) लगाया जाता है। इसके अलावा, खुदरा खरीद के विपरीत, नकद लेनदेन के मामले में लेनदेन के दिनांक से ही हमेशा ब्याज अर्जित किया जाता है, जहां संचित ब्याज भुगतान देय दिनांक तक बैलेंस भुगतान के 100% भुगतान पर निर्भर करता है।

C. उपलब्ध क्रेडिट लिमिट: किसी भी समय उपलब्ध क्रेडिट लिमिट निर्दिष्ट क्रेडिट लिमिट और उस समय कार्ड पर बकाया बैलेंस राशि के बीच का अंतर होता है। एड-ऑन कार्डधारक प्राथमिक कार्डधारक को निर्दिष्ट किए गए इस क्रेडिट लिमिट को शेयर करेंगे

D. उपलब्ध नकद लिमिट : किसी भी समय उपलब्ध नकद लिमिट निर्दिष्ट नकद लिमिट और उस समय कार्ड पर बकाया नकद बैलेंस राशि के बीच का अंतर होता है।

3. बिलिंग स्टेटमेंट:

फेडरल बैंक कार्ड सदस्य को एक मासिक स्टेटमेंट भेजेगा जिसमें पिछले स्टेटमेंट के बाद से कार्ड सदस्य के खाते में जमा हुए भुगतानों और डेबिट किए गए लेनदेन को दिखाया जाएगा। बैंक हर महीने पूर्व निर्धारित दिनांक को कार्ड खाते में किए गए लेनदेन का स्टेटमेंट बैंक के रिकॉर्ड वाले डाक पते पर भेज देगा। यदि बकाया बैलेंस 200/- रु. से कम है और अंतिम स्टेटमेंट के बाद से बिलिंग के लिए और कोई लेनदेन लंबित नहीं है, तो कोई स्टेटमेंट जारी नहीं किया जाएगा।

A. स्टेटमेंट भेजने की समयावधि और तरीका: सभी कार्ड सदस्यों को कार्ड के उपयोग पर लगने वाले सभी चार्ज और कार्ड खाते पर लागू सभी चार्ज के लिए मासिक आधार पर बिल भेजा जाएगा। ग्राहकों को बिलिंग स्टेटमेंट मासिक आधार पर ईमेल पर साझा किया जाएगा।
B. कुल देय राशि: कुल देय राशि कुल राशि होती है (बिलिंग चक्र के दौरान प्राप्त क्रेडिट के शुद्ध, बशर्ते कुछ हो तो) जो बिलिंग साइकिल के अंत में जेनरेट क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट के अनुसार कार्डधारक के द्वारा देय होता है।
C. न्यूनतम देय राशि: न्यूनतम देय राशि (MAD) का कैलकुलेशन कुल देय राशि के 5% (न्यूनतम 100/- रु. के अधीन), महीने के लिए नई EMI डेबिट या पहले से भुगतान न किए गए EMI डेबिट + GST + फीस के रूप में की जाती है। यदि कार्ड सदस्य कुल देय भुगतान या MAD (किसी भी परिस्थिति में MAD से कम नहीं) का हिस्सा डिपॉजिट करता है, तो बैलेंस बकाया राशि को बाद के स्टेटमेंट में फॉरवर्ड कर दिया जाएगा। यह राशि फुल और फाइनल भुगतान दिनांक तक ब्याज चार्ज लगाया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि हर महीने केवल न्यूनतम देय राशि का भुगतान करने पर पुनर्भुगतान लंबी अवधि तक खिंच जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप कार्ड सदस्य की बकाया बैलेंस पर ब्याज का भुगतान करना होगा। अंतिम तिमाही के लिए बचत खाते में ग्राहक द्वारा बरकरार रखे गए बैलेंस राशि पर ब्याज चार्ज निर्भर करेगा।

| अंतिम तिमाही के लिए औसत मासिक बैलेंस | वार्षिक प्रतिशत दर (APR %) |
|---|---|
| 50,000 रु. से कम | 41.88% (3.49% प्रति माह) |
| रु. 50,000 - 3,00,000 | 32.28% (2.69% प्रति माह) |
| रु. 3,00,001 - 10,00,000 | 20.00% (1.69% प्रति माह) |
| 10,00,000 रु. से अधिक | 8.28% (0.69% प्रति माह) |

AMB- फेडरल बैंक में रखे ऑपरेटिव खाते में औसत मासिक बैलेंस राशि अर्थात किसी दिए गए महीने में क्लोजिंग दिन के पूरे बैलेंस का औसत। AMB की गणना करने के लिए, आपको हरेक दिन खत्म होने पर बैलेंस राशि को जोड़ना होगा और उस महीने में दिनों की संख्या से उसे विभाजित करना होगा। किसी तिमाही के लिए AMB उस तिमाही के 3 महीनों में रखे गए AMB का औसत होगा।

जनवरी, फरवरी और मार्च को 1 तिमाही के रूप में; अप्रैल, मई और जून 2 तिमाही के रूप में; जुलाई, अगस्त और सितंबर 3 तिमाही के रूप में तथा अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर को 4 तिमाही के रूप में। तिमाही 2 के APR को तिमाही 1 के औसत मासिक बैलेंस के आधार पर विचार किया जाएगा। उदाहरण के लिए. 1 जनवरी-31 मार्च का AMB 1 अप्रैल-30 जून वाले तिमाही के लिए लागू होगा।

EMI में परिवर्तित किए गए लेनदेन/रद्द किए गए लेनदेन/रिवर्सल/प्रमोशनल कैशबैक के कारण किसी भी व्यापारी को कोई रिफंड/कैशबैक/क्रेडिट कार्ड के बकाया के भुगतान के रूप में नहीं माना जाएगा।

यदि कार्ड सदस्य कार्ड के बकाया की तुलना में अधिक भुगतान करता है, तो कार्ड खाते में क्रेडिट बैलेंस बरकरार रहेगा। इसे कार्ड पर होने वाले अगले लेनदेन से समायोजित किया जाएगा। हालांकि इस अतिरिक्त क्रेडिट राशि पर किसी तरह का ब्याज नहीं लिया जा सकता है।

D. बिलिंग संबंधी विवाद का समाधान: यदि कार्डधारक स्टेटमेंट में बताए गए चार्ज से असहमत है, तो उसे स्टेटमेंट प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर ग्राहक सेवा को 1800 420 1199/ 1800 425 1199 इस नं पर कॉल करके या creditcards@federalbank.co.in पर ईमेल करके बैंक को सूचित करना चाहिए, अन्यथा यह समझा जाएगा कि स्टेटमेंट में बताए गए सभी चार्ज आपके द्वारा स्वीकार कर लिए गए हैं।

बैंक का पूरा डाक पता

फेडरल बैंक लि., 2री मंजिल, पैराकल टावर्स, फेडरल बैंक, परिचालन विभाग, पारूर जंक्शन, अलुवा, एर्नाकुलम, केरल, भारत, 683 102

4. भुगतान विधि

A. NEFT/IMPS: यदि कार्ड सदस्य का किसी भी बैंक में बचत खाता है तो वह मोबाइल बैंकिंग या इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से निम्न जगह से ऑनलाइन भुगतान कर सकता है

i. फेडरल बैंक वेबसाइट। बस लॉग ऑन करेंwww.federalbank.co.in पर

ii. क्रेडिट नंबर वाले लाभार्थी का विवरण जोड़ना और सीधे राशि ट्रांसफ़र करना

नाम: कार्ड पर नाम

बैंक का नाम: फेडरल बैंक

खाता नं. : कार्ड नं

IFSC: FDRL00CARDS

ब्रांच का स्थान: अलुवा

B. ऑटो डेबिट: यदि कार्ड सदस्य का बचत खाता फेडरल बैंक में है, तो वह इस बचत खाते के माध्यम से सीधे भुगतान कर सकता है, जिसमें वह हर महीने भुगतान के देय दिनांक पर इस खाते से भुगतान डेबिट करने का लिखित निर्देश दे सकता है। 14. कार्डधारक इस बात से सहमत है कि फ्लोटर क्रेडिट कार्ड के तहत बकाया राशि के पुनर्भुगतान का तरीका (जिसमें वह निर्दिष्ट खाता शामिल है जिससे ऑटो डेबिट जुड़ा हुआ है, चाहे ऑटो डेबिट की जाने वाली राशि कुल देय राशि हो या न्यूनतम देय राशि आदि) उसी तरह होगा जैसा कि प्राथमिक कार्ड पर लागू शर्तों में है। यदि कार्डधारक पुनर्भुगतान के तरीके में किसी तरह का

बदलाव करना चाहता है, तो कार्डधारक फेडरल बैंक संपर्क केंद्र (ई-मेलः creditcards@federalbank.co.in/ टोल फ्री 18004201199 या 18004251199) को विशेष अनुरोध भेजेगा, जिसे फेडरल बैंक केवल अपने संपूर्ण विवेक से मंजूरी दे सकता है। फ्लोटर क्रेडिट कार्ड के जारी होने के बाद प्राथमिक कार्ड में किए गए पुनर्भुगतान के तरीके में किसी भी तरह का परिवर्तन को फ्लोटर क्रेडिट कार्ड में लागू/प्रतिबिंबित नहीं किया जाएगा।

ऐसे मामले में जहां कार्ड सदस्य अपने NRO खाते से पैसे प्रेषण कर रहा है, वह इस बात का आश्वासन देता/देती है कि यह प्रेषण उसके NRO खाते में रखे गए बैलेंस राशि से किया गया है जो भारत में उसकी वैध प्राप्तियों से निकल कर आया है न कि किसी अन्य व्यक्ति से लिया गया उधार या न ही किसी अन्य NRO खाते से ट्रांसफ़र के माध्यम से। ऐसे आश्वासन के उल्लंघन पर, कार्ड सदस्य FEMA के तहत अपने खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा। कार्ड सदस्य इस बात की भी पुष्टि करता है और आश्वासन देता है कि भारत के बाहर NRO खाते में उसके बैलेंस से वापस लौटाई गई राशि, NRO खाते से NRE खाते में ट्रांसफ़र की गई राशि, क्रेडिट कार्ड बिल की ओर भुगतान और किसी अन्य अनुरोध के माध्यम से ट्रांसफ़र की जाने वाली राशि किसी विशेष वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी बैंक में USD.1,000,000- (एक मिलियन अमेरिकी डॉलर) या उसके समकक्ष से कम है।

NRO खाते में डेबिट के माध्यम से क्रेडिट कार्ड बिल के सेटलमेंट के लिए इस्तेमाल किए गए फंड के लिए, कार्ड सदस्य पुष्टि करता है कि CBDT नियमों के अनुसार भारत में कर योग्य अर्जित आय पर लागू करों का भुगतान किया गया है तथा कार्ड सदस्य और NRO खाताधारक एक ही व्यक्ति है और यह वही है।

बकाया राशि को ऑटो रिकवरी प्रक्रिया के एक भाग के रूप में बैंक में कार्ड सदस्य के किसी भी ऑपरेटिव खाते से भी वसूला जा सकता है।

C. चेक / ड्राफ़्ट : "फेडरल बैंक क्रेडिट कार्ड नंबर XXXXXXXXXXXXXXXX" के नाम पर एक चेक या ड्राफ्ट तैयार करें और इसे कलेक्शन बॉक्स में डाल दें या फेडरल बैंक के ब्रांच के काउंटर में दे दें। आउटस्टेशन चेक/ड्राफ्ट यानी विशिष्ट शहरों के अलावा अन्य शहरों में देय चेक/ड्राफ्ट (बैंक द्वारा समय-समय पर तय किए गए ऐसे विशिष्ट शहरों की सूची अनुरोध पर उपलब्ध है) में प्रोसेसिंग फीस लग सकता है।

फेडरल बैंक के चेक की क्लीयरेंस के लिए TAT - 1 कार्य दिवस।

किसी अन्य बैंक चेक के क्लीयरेंस के लिए TAT - प्राप्ति पर आधारित 3 - 5 कार्य दिवस

D. नकद: कार्ड भुगतान के लिए कार्डधारक फेडरल बैंक की किसी भी ब्रांच में नकद डिपॉजिट कर सकता है। ब्रांच में ऐसे भुगतानों पर प्रति भुगतान लेनदेन पर 100 रु. का फीस लगेगा।

E. FedMobile के माध्यम से भुगतान: ग्राहक FedMobile ऐप (FedMobile > क्रेडिट कार्ड-> भुगतान क्रेडिट कार्ड बिल) का इस्तेमाल करके अपने क्रेडिट कार्ड बिलों का भुगतान कर सकते हैं

फंड सेटेलमेंट के लिए TAT: तुरंत

F. FedNet के माध्यम से भुगतान: ग्राहक FedNet (FedNet -> क्रेडिट कार्ड-> डैशबोर्ड-> भुगतान करें) का इस्तेमाल करके अपने क्रेडिट कार्ड बिलों का भुगतान कर सकते हैं

फंड सेटेलमेंट के लिए TAT: तुरंत

G. पेमेंट गेटवे के माध्यम से भुगतान: ग्राहक बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे पोर्टल में क्रेडिट कार्ड->पे क्रेडिट कार्ड बिल->PG के तहत (PG पोर्टल के लिए यहां क्लिक करें) का इस्तेमाल करके दूसरे बैंक खातों से अपने क्रेडिट कार्ड के बिलों का भुगतान कर सकते हैं

फंड सेटेलमेंट के लिए TAT: 3 कार्य दिवस तक

*क्रेडिट कार्ड का बकाया भुगतान जब ऑटो डेबिट, FedMobile के अलावा किसी भी स्व-भुगतान विधि के माध्यम से किया जाता है तो देय दिनांक से कम से कम तीन दिन पहले किया जाना चाहिए। ऑटो-डेबिट के लिए, भुगतान के लिए देय दिनांक से 1 दिन पहले डेबिट खाते में पर्याप्त बैलेंस होना चाहिए।

5. रिवार्ड पॉइंट

रिवॉर्ड पॉइंट को एंटरप्राइज़ स्तर पर प्रबंधित किया जाएगा, जिसमें क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और फेडरल बैंक के मोबाइल बैंकिंग चैनलों से खुदरा खर्च के माध्यम से संचित सभी रिवॉर्ड पॉइंट शामिल किए जाएंगे। रिवॉर्ड पॉइंट संरचना नीचे दी गई है:

| कार्ड का नाम | प्रति रु. खर्च पर पॉइंट |
|---|---|
| सिग्नेट | प्रति 200/- रु. खर्च पर 1 प्वाइंट |
| इंपीरियो | प्रति 150/- रु. खर्च करने पर 1 प्वाइंट |
| सेलेस्टा | प्रति 100/- रु. खर्च पर 1 प्वाइंट |
| वेव | प्रति 200/- रु. खर्च पर 1 प्वाइंट |

a) नकद, फ्यूल का खर्च, ई-वॉलेट लोडिंग, सरकारी लेनदेन में रिवॉर्ड पॉइंट अर्जित नहीं होंगे।

b) यदि क्रेडिट कार्ड बकाया, निलंबित या डिफ़ॉल्ट है या यदि कार्ड खाता के धोखाधड़ी से संचालित होने का संदेह है तो उस अर्जित रिवॉर्ड पॉइंट को रद्द करने या निलंबित करने का बैंक के पास सुरक्षित अधिकार होता है। कार्ड सदस्य की मृत्यु के समय तक उसके द्वारा अर्जित किए गए, लेकिन भुनाए नहीं गए रिवॉड पॉइंट जब्त हो जाएंगे।

c) 1 अप्रैल, 2023 से, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किए गए किराए के भुगतान पर रिवॉर्ड पॉइंट नहीं अर्जित होंगे। बीते समय में अर्जित किए गए रिवॉर्ड पॉइंट समाप्त होने या फिर भुनाए जाने तक वैध रहेंगे, इनमें जो भी पहले हो।

6. डिफॉल्ट

A. यदि कार्ड सदस्य बिलिंग स्टेटमेंट में निर्दिष्ट दिनांक तक न्यूनतम देय राशि का भुगतान करने में विफल रहता है, तो इसे डिफ़ॉल्ट मान लिया जाएगा। डिफॉल्ट के मामले में, बैंक क्रेडिट सूचना ब्यूरो या कानून द्वारा अनुमोदित अन्य एजेंसियों को डिफॉल्ट रिपोर्ट भेज सकता है। हालांकि, किसी भी डिफॉल्ट की रिपोर्ट करने से पहले, बैंक डिफॉल्ट की रिपोर्ट करने के बैंक के उद्देश्य के बारे में कार्ड सदस्य को सात दिन पहले सूचित करेगा। यदि डिफॉल्टर के रूप में रिपोर्ट किए जाने के बाद कार्ड सदस्य देय का भुगतान करता है, तो बैंक सेटलमेंट दिनांक से लेकर 30 दिनों के भीतर स्थिति को अपडेट करेगा। डिफ़ॉल्ट से संबंधित जानकारी का खुलासा/रिलीज़ विवाद के सेटलमेंट के बाद ही किया जाएगा।

B. डिफ़ॉल्ट रिपोर्ट को वापस लेने की प्रक्रिया और वह अवधि जिसके भीतर देयताओं के सेटलमेंट के बाद डिफ़ॉल्ट रिपोर्ट को वापस ले लिया जाएगा।

बैंक कार्ड सदस्य का डेटा हर महीने क्रेडिट ब्यूरो (भारत में) को भेजता है। इस डेटा में पिछले महीने के सभी कार्डधारकों, डिफॉल्टर और चालू दोनों के पुनर्भुगतान की स्थिति शामिल है। अगले तीस दिनों में भेजे गए डेटा को ब्यूरो अपने सर्वर पर अपलोड कर देगा।

C. कार्ड सदस्य को प्रदान की गई किसी अन्य लोन/वित्तीय/क्रेडिट सुविधा के संबंध में डिफॉल्ट की स्थिति में बैंक द्वारा क्रेडिट कार्ड सुविधा समाप्त करने के बैंक के अधिकार को स्वीकार करता है और इसके विपरीत होता है।

D. कार्ड सदस्य की मृत्यु/स्थायी गुंजाइश के मामले में बकाया राशि की रिकवरी: यह कार्ड सदस्य के उत्तराधिकारियों/नामांकित व्यक्तियों/कानूनी वारिसों/संरक्षकों को बकाया राशि के भुगतान के लिए पर्याप्त नोटिस और बकाया राशि के संबंध में तमाम जानकारी देने के बाद यह लागू कानूनों के अनुसार होगा।

E. बैंक द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट किए जाने के अनुसार गैर-मानक/संदिग्ध/हानि वाले NPA में वर्गीकरण, बैंक के साथ समग्र जोखिम में संयुक्त प्रतिभूतियों के आवंटन और वृद्धावस्था के नियमों के आधार पर किया जाएगा।

डिफ़ॉल्ट की स्थिति में, कार्ड खाते पर किसी भी बकाया के सेटलमेंट के लिए कार्ड सदस्य को समय-समय पर पोस्ट, टेलीफोन, ई-मेल, SMS संदेश और/या तीसरे पक्ष को याद दिलाने, फॉलो-अप कार्रवाई करने के लिए रिमाइंडर भेजे जाएंगे। इस प्रकार नियुक्त कोई भी तीसरा पक्ष डेबिट की वसूली पर आचार संहिता का पालन पूरी तरह से पालन करेगा।

7. ग्रहण का अधिकार

A. बैंक को किसी भी समय और बिना किसी सूचना के, कार्डधारक के तमाम पैसों को ग्रहण करने और उसमें कटौती का अधिकार होगा और/या बैंक के किसी भी खाते/कस्टडी में कार्ड सदस्य के क्रेडिट पर जमा राशि

को जोड़ने का अधिकार होगा, बशर्ते बैंक के अनुरोध पर, कार्ड खाते पर बैलेंस राशि का पुनर्भुगतान निर्धारित समय के भीतर नहीं कर दिया जाता है।

B. यदि रिडेम्पशन के सेटलमेंट के दौरान उपलब्ध रिवॉर्ड पॉइंट का बैलेंस लेनदेन के लिए जरूरी पॉइंट से कम है तो बैंक के पास ग्राहक के कार्ड/खाता पर अंतर राशि को डेबिट करने का अधिकार सुरक्षित होता है।

C. सुरक्षित क्रेडिट कार्ड के लिए, ग्राहक के टर्म डिपॉजिट को ग्राहक के लिए जारी किए गए क्रेडिट कार्ड पर ग्रहणाधिकार के रूप में चिह्नित किया जाएगा। जब ग्राहक सभी बकाया देय राशि का भुगतान कर दे और बैंक के पास उपलब्ध क्रेडिट कार्ड खाता बंद कर दे, तभी यह ग्रहणाधिकार हटा लिया जाएगा।

8. कार्ड सदस्यता की समाप्ति/निरस्तीकरण

कार्ड सदस्य किसी भी समय पूर्व सूचना देकर या बगैर किसी पूर्व सूचना के कार्ड खाते को समाप्त करने का विकल्प चुन सकता है। दुरुपयोग से बचने के लिए यह सलाह दी जाती है कि क्रेडिट कार्ड को चार टुकड़ों में काटकर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि होलोग्राम और मैग्नेटिक स्ट्रिप स्थायी रूप से नष्ट हो जाए। कार्ड सदस्य किसी भी समय कार्ड की सदस्यता समाप्त कर सकता है, इसके लिए वह कार्ड का पूरा नंबर देकर 2री मंजिल, पराक्कल टॉवर्स, फेडरल बैंक, परिचालन विभाग, परुर जंक्शन, अलुवा, एर्नाकुलम, केरल, भारत, 683108 पते पर पत्र लिख सकता है। कार्ड सदस्य FedMobile, FedNet या बैंक के संपर्क केंद्र के माध्यम से भी क्रेडिट कार्ड रद्द करने का अनुरोध कर सकता है। जब फेडरल बैंक को उक्त कार्ड खाते के संबंध में सभी देय और बकाया राशि का भुगतान प्राप्त हो जाएगा तभी यह समाप्ति प्रभावी होगी। किसी बिलिंग साइकिल के लिए ब्याज/वित्त चार्ज, बशर्ते कोई हो तो, अगले बिलिंग साइकिल पर लगाया जाएगा/देय होगा और कार्ड सदस्यता की समाप्ति होने/रद्द होने के बावजूद उसका भुगतान करने की जिम्मेवारी कार्ड सदस्य की होगी।

क्रेडिट कार्ड प्रोग्राम बंद हो जाने की स्थिति में या क्रेडिट कार्ड के नवीनीकरण के समय, फेडरल बैंक लिमिटेड के पास अपने विवेकाधिकार के आधार पर एक ऐसा कार्ड प्रकार प्रदान करने का सुरक्षित अधिकार होता है जो कार्ड सदस्य द्वारा रखे गए मौजूदा कार्ड प्रकार से भिन्न हो। कभी भी किसी भी क्रेडिट कार्ड पर क्रेडिट लिमिट और नकद लिमिट पूरी तरह से फेडरल बैंक लिमिटेड के विवेक के अनुसार ही होती है। कार्ड एप्लिकेशन क्लोजर/नवीकरण के समय बदले में प्रदान किए गए किसी भी कार्ड के लिए भी वैध रहेगा।

यदि एक क्रेडिट कार्ड का एक वर्ष से अधिक समय तक उपयोग नहीं किया गया है, तो कार्डधारक को सूचित करने के बाद कार्ड को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यदि उपयोग न करने की एक वर्ष की अवधि की समाप्ति से 30 दिनों की अवधि के भीतर कार्डधारक कींओर से कोई जवाब नहीं दिया जाता है, तो कार्डधारक द्वारा सभी बकाया राशि के भुगतान के अधीन, कार्ड खाता फेडरल बैंक द्वारा बंद कर दिया जाएगा। कार्ड खाता क्लोजर से संबंधित जानकारी को भी 30 दिनों की अवधि के भीतर क्रेडिट सूचना कंपनी (नियों) के साथ तदनुसार अपडेट किया जाएगा। क्रेडिट कार्ड खाता क्लोजर के लिए ग्राहक हमारे 24 घंटे के ग्राहक सेवा को 1800 420 1199/ 1800 425 1199 पर कॉल कर सकते हैं या creditcards@federalbank.co.in पर ईमेल कर सकते हैं। क्रेडिट कार्ड से संबंधित रिकवरी एजेंटों द्वारा क्रेडिट कार्ड की गलत बिक्री या उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के लिए कृपया ccsalessupport@federalbank.co.in को लिखें या 0484-6754111 पर कॉल करें।

9. कार्ड का खो जाना/चोरी हो जाना/दुरुपयोग

कार्ड के खो जाने/चोरी हो जाने/दुरुपयोग के मामले में, इसकी सूचना तुरंत फेडरल बैंक की होम ब्रांच को या तो इस लिंक https://www.federalbank.co.in/block-unauthorised-transactions पर जाकर या 1800 420 1199 / 1800 425 1199 पर ग्राहक सेवा को कॉल करके या creditcards@federalbank.co.in या मोबाइल बैंकिंग/इंटर बैंकिंग के माध्यम से केवल आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर या ईमेल ID से दी जानी चाहिए। बैंक कार्ड को निलंबित कर देगा। कार्ड सदस्य को सलाह दी जाती है कि वह स्थानीय पुलिस थाने में एक FIR दर्ज करे ताकि बैंक द्वारा अनुरोध किए जाने पर कार्ड सदस्य इसकी प्रतिलिपि पेश कर सके। कार्ड की चोरी सहित सुरक्षा और कार्ड का उपयोग करके किए जाने वाले लेनदेन के लिए मुख्य रूप से कार्ड सदस्य जिम्मेदार होगा। अपने कार्ड के खो जाने/चोरी हो जाने/क्षति होने की सूचना देने वाले के बाद उस पर किए गए किसी भी लेन-देन के लिए कार्ड सदस्य उत्तरदायी नहीं होगा। हालांकि, ऐसे खो जाने/चोरी हो जाने/क्षति होने की रिपोर्ट करने के समय से संबंधित किसी भी विवाद के मामले में और/या खो जाने/चोरी होने/क्षति होने/दुरुपयोग की रिपोर्टिंग के बाद कार्ड पर किए गए लेनदेन और या विवादित लेनदेन की प्रामाणिकता का पता लगाने के ऐसे मामले में बैंक के पास सुरक्षित अधिकार होता है।

कार्ड सदस्य के हितों की रक्षा करने और कार्ड खाते पर किसी भी तरह के दुरुपयोग से बचने के लिए समझौता के संदिग्ध जोखिम पर क्रेडिट कार्ड को अवरुद्ध करने का फेडरल बैंक के पास सुरक्षित अधिकार होता है। कार्ड सदस्य किसी भी लेनदेन के लिए अवरुद्ध कार्ड का उपयोग नहीं कर सकेगा और उसे 7 (सात) कार्य दिवसों के भीतर उसके बदले में एक कार्ड प्राप्त होगा। यदि बैंक द्वारा धोखाधड़ी के संभावित जोखिम के बारे में सूचित किए जाने के बाद भी कार्ड सदस्य कार्ड को अनब्लॉक करने का अनुरोध करता है, तो कार्ड के उपयोग के कारण धोखाधड़ी होने या अन्यथा उसके लिए रिपोर्ट किए गए किसी भी धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए फेडरल बैंक किसी भी तरह से उत्तरदायी या उत्तरदायी नहीं होगा।

कार्डधारक की देनदारी:

RBI सर्कुलर के संदर्भ में कार्डधारक की कुल देनदारी दिनांक 6 जुलाई, 2017 DBR.No.Leg.BC.78/09.07.005/2017-18 के तहत ग्राहक संरक्षण का सार संक्षेप में नीचे दिया गया है:

| ग्राहक की देनदारी का सार-संक्षेप | |
|---|---|
| संदेश प्राप्त करने के दिनांक से धोखाधड़ी वाले लेनदेन की रिपोर्ट करने में लगने वाला समय | ग्राहक की देनदारी (₹) |
| 3 कार्य दिवसों के भीतर | शून्य देनदारी |
| 4 से 7 कार्य दिवसों के भीतर | लेनदेन का मूल्य या तालिका 1 में उल्लिखित राशि, जो भी कम हो |
| 7 कार्य दिवसों के बाद | बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार |

10. शिकायत कक्ष

"यदि आप हमारी सेवाओं से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप अपनी शिकायत i) www.federalbank.co.in पर जाकर शिकायत फॉर्म भर कर या ii) हमारे ग्राहक सेवा नंबर 18004201199 पर कॉल करके या iii) ccontact@federalbank.co.in पर ईमेल के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं। हमारे साथ अपने सभी संचारों में कृपया अपना पूरा क्रेडिट कार्ड नंबर बताएं।"

शिकायत निवारण में तेजी:
पहला स्तर (शिकायत निवारण अधिकारी)
यदि आप हमारी सेवाओं से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप हमारे टोल-फ्री नंबर (विदेश कॉल के लिए) 1800-420-1199/1800-425-1199/0484-2630994 डायल करके या creditcards@federalbank.co.in पर ईमेल करके अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

दूसरा स्तर (प्रमुख नोडल अधिकारी)
यदि आप प्रदान किए गए समाधान से संतुष्ट नहीं हैं, तो कृपया शिकायत विवरण के साथ अपना मामला support@federalbank.co.in पर भेजें।

अधिकृत भुगतान प्रणालियों का उपयोग करके असफल लेनदेन के लिए टर्नअराउंड टाइम (TAT) का सामंजस्य और ग्राहक मुआवजा

भारतीय रिजर्व बैंक ने सितंबर 2020 में सभी अधिकृत भुगतान प्रणालियों में ग्राहक शिकायतों के समाधान और मुआवजे की रूपरेखा के लिए टर्नअराउंड टाइम (TAT) पर दिशानिर्देश पेश किया था। बैंक और अन्य ऑपरेटर/सिस्टम प्रतिभागी ऐसे असफल लेन-देन के जल्द से जल्द समाधान की दिशा में प्रयास करेंगे और जहां भी वित्तीय मुआवजा देने की गुंजाइश होगी, वहां ग्राहक से शिकायत या दावे की प्रतीक्षा किए बिना स्वतः संज्ञान लेकर ग्राहक के खाते में भेज दिया जाएगा। उपरोक्त दिशानिर्देशों को बैंक ने स्वीकार किया है। असफल लेनदेन के मामले में, जहां भी वित्तीय मुआवजा देने की गुंजाइश है, वहां ग्राहक के खाते स्वतः संज्ञान लेकर उसे ग्राहक के खाते में डाल दिया जाएगा।

अधिकृत भुगतान प्रणालियों का उपयोग करके असफल लेनदेन के लिए ग्राहक मुआवजे विवरण नीचे दिया गया है

अधिकृत भुगतान प्रणालियों का उपयोग करके असफल लेनदेन के लिए टर्न अराउंड टाइम (TAT) और ग्राहक मुआवजे का सामंजस्य

| क्रमांक नं. | घटना का विवरण | ऑटो-रिवर्सल और मुआवज़े के लिए रूपरेखा | |
|---|---|---|---|
| | | ऑटो-रिवर्सल के लिए टाइमलाइन | देय मुआवज़ा |
| i | II | III | IV |
| 1 | माइक्रो-ATM सहित स्वचालित टेलर मशीनें (ATM) | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| a | ग्राहक के खाते से डेबिट हो गया लेकिन नकद वितरित नहीं किया गया। | अधिकतम T + 5 दिनों के भीतर विफल रहे लेनदेन का प्रोएक्टिव रिवर्सल (R)। | T + 5 दिनों से अधिक देर होने पर प्रति दिन 100/- रु., खाताधारक के खाते में जमा किए जाएंगे। |
| 2 | कार्ड लेनदेन | | |
| a | कार्ड से कार्ड ट्रांसफर<br><br>कार्ड खाते से डेबिट किया गया लेकिन लाभार्थी कार्ड खाते में क्रेडिट नहीं किया गया। | लेनदेन को T + 1 दिन के भीतर रिवर्स (R) किया जाना चाहिए, बशर्ते लाभार्थी खाते में क्रेडिट नहीं किया गया हो। | T + 1 दिन से अधिक की देरी होने पर ₹ 100/- प्रति दिन। |
| b | पॉइंट ऑफ सेल (PoS) (कार्ड मौजूद है) जिसमें PoS पर नकद भी शामिल है।<br><br>खाता डेबिट किया गया लेकिन व्यापारी के स्थान पर पुष्टि प्राप्त नहीं हुई, यानी, चार्ज-स्लिप जेनरेट नहीं हुई। | T + 5 दिनों के भीतर ऑटो-रिवर्सल। | T + 5 दिनों से अधिक की देरी होने पर ₹ 100/- प्रति दिन। |
| c | कार्ड मौजूद नहीं है (CNP) (ई-कॉमर्स)<br><br>खाते से डेबिट हो गया लेकिन व्यापारी के सिस्टम पर पुष्टि प्राप्त नहीं हुई। | | |

11. शिकायत निवारण के लिए टोल फ्री नंबर

यदि आप हमारी सेवाओं से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप हमारे टोल-फ्री नंबर (विदेश कॉल के लिए) 1800-420-1199/1800-425-1199/0484-2630994 डायल करके अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

12. FEMA (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम)

A. भारत के बाहर लेनदेन के लिए कार्ड का उपयोग RBI के एक्सचेंज कंट्रोल रेगुलेशन और विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 सहित लागू कानून के अनुसार किया जाना चाहिए और ऐसा करने में किसी भी तरह से विफल होने की स्थिति में आप दंडात्मक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी हो सकते हैं।

B. इलेक्ट्रॉनिक/इंटरनेट ट्रेडिंग पोर्टलों के माध्यम से विदेशी मुद्रा व्यापार के लिए प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से भुगतान करने के लिए क्रेडिट कार्ड का उपयोग नहीं किया जा सकता है। रेगुलटरी दिशानिर्देशों के अनुसार

ऐसा करना वर्जित है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.federalbank.co.in पर जाएं।

C. यह कार्ड भारत के साथ-साथ विदेशों में भी उपयोग के लिए वैध है। हालांकि, नेपाल और भूटान में यह विदेशी मुद्रा लेनदेन के लिए मान्य नहीं है।

D. केवल NRI ग्राहकों के लिए फेडरल बैंक NRE / NRO खाते से ऑटोपे मोड के माध्यम से 100% पुनर्भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाना है।

E. NRI ग्राहकों के लिए नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा।

13. कार्ड खाते में अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन

A. ग्राहक को उपलब्ध कराए जाने वाले किसी भी स्टेटमेंट/रिकॉर्ड पर बैलेंस राशि के लेनदेन/स्टेटमेंट में किसी तरह की विसंगति होने पर ग्राहक सात (7) दिनों के भीतर बैंक को लिखित रूप में सूचित करेगा।

B. यदि बैंक को सात (7) कार्य दिवसों से अधिक समय के बाद इसके विपरीत कोई सूचना प्राप्त होती है, तो ग्राहकों की देनदारी का निर्धारण बैंक बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार किया जाएगा जो कि बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

C. आपके निर्देशों और ऐसे अन्य विवरणों (जिसमें भुगतान किए गए या प्राप्त किए गए सहित, लेकिन इतने तक सीमित नहीं है) के सभी रिकॉर्ड, जो बैंक द्वारा इलेक्ट्रॉनिक या दस्तावेजी रूप में यहां दिए गए नियमों और शर्तों के अनुसार बरकरार रखे गए हैं, आपके खिलाफ, ऐसे निर्देशों और ऐसे अन्य विवरणों के निर्णायक सबूत माने जाएंगे।

D. रिपोर्टिंग के समय और/या खाते पर किए गए लेनदेन या उक्त खाते से संबंधित किसी अन्य मामले के संबंध में किसी तरह का भी विवाद हो, बैंक समय और/या प्रामाणिकता सुनिश्चित करने का अधिकार सुरक्षित रखेगा और तीसरे पक्ष की धोखाधड़ी के कारण या जहां आपने धोखाधड़ी के लिए योगदान नहीं दिया है, आपके कार्ड खाते में अनधिकृत लेनदेन के मामले में विवादित लेनदेन और आपकी देनदारी "ग्राहक संरक्षण - अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहकों की सीमित देयता" पर RBI सर्कुलर में दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार संचालित की जाएगी, समय-समय पर संशोधित विनियमों में कोई भी परिवर्तन उस समय लागू और बाध्यकारी होगा।

14. खुलासा

कार्ड सदस्य, पुनर्भुगतान इतिहास आदि के बारे में बैंक उपलब्ध सभी सूचनाओं को क्रेडिट सूचना ब्यूरो या ऐसी अन्य एजेंसियों को कानून द्वारा अनुमोदित करेगा। फेडरल बैंक/ग्रुप कंपनियों को फोटो सहित एप्लिकेशन और इसके साथ में दिए गए दस्तावेजों को अपने पास जमा रखने का सुरक्षित अधिकार होता है और उन्हें वापस नहीं करेगी।

बैंक कार्ड सदस्य/ऐड-ऑन कार्ड सदस्य(यों) से संबंधित सूचना, जिसमें कार्डधारक द्वारा अपने दायित्व के निर्वहन में किसी भी प्रकार के डिफ़ॉल्ट से संबंधित सूचना भी शामिल है, जैसा बैंक उपयुक्त और आवश्यक समझेगा, किसी भी क्रेडिट सूचना कंपनी के साथ शेयर करेगा जो क्रेडिट सूचना कंपनियां (रेगुलेशन) अधिनियम,

2005 द्वारा रेगुलेट है। हालांकि, किसी भी डिफॉल्ट की रिपोर्ट करने से पहले, बैंक डिफॉल्ट की रिपोर्ट करने के बैंक के उद्देश्य के बारे में कार्ड सदस्य को सात दिन पहले सूचित करेगा। यदि डिफॉल्टर के रूप में रिपोर्ट किए जाने के बाद कार्ड सदस्य देय का भुगतान करता है, तो बैंक सेटलमेंट दिनांक से लेकर 30 दिनों के भीतर स्थिति को अपडेट करेगा। डिफ़ॉल्ट से संबंधित जानकारी का खुलासा/रिलीज़ विवाद के सेटलमेंट के बाद ही किया जाएगा।

बैंक के पास कार्डधारक की निम्नलिखित जानकारी को कार्डधारक की सहमति से या सहमति के बगैर निम्नलिखित चरणों में खुलासा करने का सुरक्षित अधिकार होता है।

| क्रमांक नं | चरण | खुलासा किए जाने वाली जानकारी |
|---|---|---|
| 1. | मार्केटिंग के दौरान | फीस और चार्ज |
| 2. | एप्लिकेशन में | ग्राहक अपनी इच्छानुसार फीस और चार्ज, निकासी सीमाओं से संबंधित जानकारी समेत कोई भी अतिरिक्त जानकारी से युक्त प्रमुख तथ्य विवरण मांग सकता है। |
| 3. | स्वागत किट | फीस और चार्ज, निकासी सीमा, बिलिंग, डिफ़ॉल्ट और परिस्थितियां, कार्ड सदस्यता का समापन/निरस्तीकरण, कार्ड की का खो जाना/चोरी हो जाना/दुरुपयोग, शिकायत निवारण और मुआवजे की रूपरेखा, खुलासा |
| 4. | बिलिंग पर | फीस और चार्ज, निकासी लिमिट, बिलिंग |
| 5. | निरंतरता के आधार पर, | नियम और शर्तों में किसी भी तरह का बदलाव |

15. क्षेत्रीय भाषाओं में सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तें

MITC पर क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी के लिए कृपया www.federalbank.co.in पर जाएं, विकल्प उपलब्ध हैं 1) हिंदी 2) कन्नड़ 3) मलयालम

कार्ड सदस्य इस बात को स्वीकार करता है कि सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तें क्षेत्रीय भाषाओं में www.federalbank.co.in पर उपलब्ध हैं और सबसे महत्वपूर्ण ये नियम और शर्तों के अंग्रेजी संस्करण का प्रतिनिधित्व करने वाला टेक्स्ट है।

कार्ड सदस्य इस बात से सहमत है और वह यह स्वीकार करता है कि सबसे महत्वपूर्ण नियमों और शर्तों के अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं के बीच किसी भी तरह की असंगतता की स्थिति में, अंग्रेजी में टेक्स्ट प्रधान होगा और कार्ड सदस्य के लिए यह बाध्यकारी होगा।

अस्वीकरण:

*फेडरल बैंक अपने उत्पादों के संबंध में अपने विवेक से बाहरी सेवा प्रदाता/(ओं) या एजेंट/(टों) की सेवाओं का उपयोग कर सकता है और ऐसी शर्तों पर जो आवश्यक हो या जरूरी हो।